प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दोपहर समाचार

दिनांक 28.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

नमस्कार, समाचारों के साथ........ मैं **राशिद अहमद खान**

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी □ड़ रही है। नौत□ा के दौरान अधिकांश जिले लू की च□ेट में हैं। आज भी सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे हैं। वहीँ, कल निवाड़ी जिले के □ृथ्वी□ुर में सीजन में □हली बार अधिकतम ता□मान 48 दशमलव 7 डिग्री □हुंच गया। वहीं, □ांच शहरों दतिया, खजुराहो, गुना, दमोह और अशोकनगर में □ारा 47 डिग्री के □ार रहा। मौसम विभाग ने ग्वालियर, चंबल, मालवा-निमाड़ के 42 जिलों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। इनमें 12 जिलों में रेड, 19 में ऑरेंज और 11 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के □श्चिमी हिस्से में भीषण गर्मी है। वहीं, उत्तरी हिस्सा भी काफी गर्म है। आगे भी यहां गर्मी का असर देखने को मिलेगा। वहीं, आने वाले एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस-शब्द

आज मासिक धर्म स्वच्छता दिवस है। यह दिवस कलंक को मिटाने और सभी के लिए सुलभ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के □क्ष में एक वैश्विक आंदोलन को दर्शाता है। इस वर्ष का विषय है **पीरियड अनुकूल विश्व**। यह आवश्यक सामूहिक प्रयास □र जोर देता है कि मासिक धर्म से गुजर रहीं प्रत्येक महिला के □ास अ□ने मासिक धर्म को गरिमा के साथ प्रबंधित करने के लिए ज्ञान और संसाधन हो। इस दिवस को मनाने की □हल 2013 में जर्मनी आधारित गैर सरकारी संगठन-वॉश यूनाइटेड द्वारा की गयी थी।

गोल्डमैन सैच- भारत जीडीपी

वैश्विक निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने वर्ष 2024 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्□ाद वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर **6 दशमलव सात प्रतिशत** कर दिया है।

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक से बडी मात्रा में लाभांश हस्तांतरण के कारण अतिरिक्त राजकोषीय बढत के साथ भारत में निरंतर विकास गति की उम्मीद है। गोल्डमैन सैच ने यह भी कहा है कि भारत में विकास की दर सशक्त बनी हुई है और मुख्य मुद्रास्फीति के अप्रैल-जून की समयावधि में निचले स्तर पर आने की संभावना है।

यह रिपोर्ट ऐसे समय पर आई है, जब मौसम विभाग ने इस वर्ष देश में औसत से अधिक मॉनसून की बारिश होने के अपने पूर्वानुमान की पुष्टि की है, जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है।

आयुष-प्रगति

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने आयुष क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक शोध करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री कोटेचा आज नई दिल्ली में फार्मा रिसर्च इन आयुर्ज्ञान एंड टेक्नो इनोवेशन यानि प्रगति-2024 का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद ने किया था । प्रगति का उद्देश्य आयुर्वेद और तकनीकी नवाचारों के निर्माण में शामिल शोधकर्ताओं तथा औद्योगिक भागीदारों को जोड़कर दवा और उपकरण विकास में आयुर्वेद के हितधारकों की क्षमता को विस्तार देना है।

प्रधानमंत्री-वीर सावरकर-शब्द

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर ने मातृभूमि की सेवा में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। वे देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

आईसीजी- चक्रवात

भारतीय तटरक्षक बल ने गंभीर चक्रवाती तूफान-'रेमल' से उत्पन्न स्थिति से सफलतापूर्वक निपटने के लिए केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के साथ बेहतरीन तालमेल किया है। इसके परिणामस्वरूप समुद्र में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ और स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा गया। यह चक्रवाती तूफान 22 मई को कम दबाव वाले क्षेत्र के रूप में उत्पन्न हुआ था और पश्चिम बंगाल तथा बांग्लादेश के तटों पर पहुंचने से पहले गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. सतना में लोकसभा चुनावों के लिए मतों की गणना 4 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में होगी। कलेक्टर एवं

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतगणना स्थल में कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत कार्य□ालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है।

2. मैहर जिला अंतर्गत माह मई में 5 दिवस से कम खुलने वाली 43 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों □र कार्यवाही की जायेगी। जिला आ□ूर्ति अधिकारी मैहर केएस भदौरिया ने बताया कि इन दुकानों □र कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये हैं।

3. शहडोल जिले के बुढार से छत्तीसगढ़ कुदरगढ़ देवी दर्शन करने जा रहे लोगों का वाहन अनू□□र के कोतमा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में बेकाबू होकर □लट गई। वाहन में करीब 25 लोग सवार थे, जिसमें से 18 घायल हो गए। और

4. बैतूल में □ुलिस ने एक ट्रक से 5 लाख रु□ए की 107 □टी शराब जब्त की है। □ुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है।